**JAGADGURU RAMANANDACHARYA RAJASTHAN SANSKRIT UNIVERSITY**
Vill. - Madau, Post - Bhankarota, Dist. Jaipur-302026
Phone No.: 0141-5132065
Website:-www.jrrsanskrituniversity.ac.in
Email:-jrrsu@yahoo.com

Ref. No. :F.( ) /JRRSU/Acad./2016/ Dated :

## कार्यालय आदेश

**सूचना के अधिकार अधिनियम 2005** के अन्तर्गत इस विश्वविधालय द्वारा पुस्तिका की प्रमाणित प्रति प्रदान करने हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा गठित कमेटी की अभिशंषा एवं अनुमोदनानुसार निम्नलिखित नियम निर्धारित किये जाते है :–

1. सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत परीक्षार्थी मूल्यांकित/पुनर्मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका (उत्तर पुस्तिकाओं) की प्रमाणित प्रति 10/– रूपये के शुल्क के साथ निर्धारित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्राप्त कर सकेगा।
2. विधार्थी को प्रार्थना पत्र के साथ 580/– रू. (पांच सौ अस्सी रूपये मात्र) प्रति प्रश्न पत्र के साथ जमा कराना होगा यह वापसी योग्य नहीं होगा।
3. उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति परीक्षार्थी के स्वयं के द्वारा ही प्राप्त की जा सकेगी। उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति/छायाप्रति किसी दूसरे परीक्षार्थी को किसी भी सूरत में नहीं दी जायेगी।
4. उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए सभी तरह से पूर्ण प्रार्थना पत्र परीक्षा परिणाम घोषणा के 30 दिन के बाद ही परीक्षार्थी के द्वारा प्रस्तुत किया जा सकेगा। प्रार्थना पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि परीक्षा परिणाम घोषणा के 60 दिन तक होगी।
5. पुनर्मूल्यांकन उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र संबंधित परीक्षार्थी के द्वारा पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषणा के 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत किया जायेगा।
6. उक्त अन्तिम तिथि के पश्चात उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा उत्तरपुस्तिकाओं को नष्ट करने की प्रकिया प्रारम्भ की जायेगी।
7. परीक्षार्थी के द्वारा प्रार्थना पत्र स्वच्छ तरीके से स्वयं के हस्तलेख से भरा जाये। परीक्षार्थी प्रार्थना पत्र पर अपना नवीन छाया चित्र चिपकायें तथा उस पर अपने हस्ताक्षर अंकित करें।
8. उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति परीक्षा फार्म में अंकित पते पर डाक से भेजी जायेगी। अतः परीक्षा फार्म में अंकित पता ही इस प्रार्थना में लिखना चाहिए। अपवाद जनक परिस्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र में अंकित पते से भिन्न पते पर परीक्षार्थी प्रमाणित प्रति प्राप्त करना चाहता है तो इस प्रार्थना पत्र के साथ परीक्षार्थी को कारणों का उल्लेख करते हुए नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प नोटेरी से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करना होगा।
9. अगर परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति विश्वविधालय से व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करना चाहता है तो उसे अपना मूल प्रवेश पत्र या वह उपलब्ध नहीं हो तो वोटर आई.डी. कार्ड

**JAGADGURU RAMANANDACHARYA RAJASTHAN SANSKRIT UNIVERSITY**
Vill. - Madau, Post - Bhankarota, Dist. Jaipur-302026
Phone No.: 0141-5132065
Website:-www.jrrsanskrituniversity.ac.in
Email:-jrrsu@yahoo.com

ड्राईविंग लाईसेन्स या पासपोर्ट या संस्था प्रधान के द्वारा जारी परिचय पत्र मूल ही पहचान के लिए प्रस्तुत करना होगा।

10. अगर किसी परीक्षार्थी ने संबंधित उत्तरपुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है तो मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति पुनंर्मूल्यांकन के पश्चात ही दी जायेगी।
11. अगर कोई परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने पश्चात अंकों की गणना में त्रुटि अंक अंकित करने में त्रुटि या कोई उत्तर अमूल्यांकित पाता है तो विश्वविधालय इसमें आवश्यक सुधार करेगा। हालांकि पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन विश्वविधालय में प्रचलित नियमानुसार ही किया जायेगा।
12. परीक्षक के द्वारा उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के संबंध में कोई शिकायत स्वीकार्य नहीं होगी।
13. अपूर्ण/गलत रूप से भरे हुये प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिये जायेगें। कोई भी गलत/मिथ्या सूचना/काट–छांट होने पर प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया जायेगा तथा आवेदक के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।

संलग्न :–निर्धारित प्रपत्र

-Sd-
कुलसचिव

Ref. No. :F.( ) /JRRSU/Acad./2016/5694-98 Dated : 6/7/16

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1 निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2 वित्त नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
3 निदेशक, शैक्षणिक परिसर, जरारासंविवि, जयपुर
4 परीक्षा नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
5 प्रभारी वेबसाईट, जरारासंविवि, जयपुर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलॉड करने हेतु।

कुलसचिव

## उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति पाने के लिये
## सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र

(प्रार्थना पत्र भरने के लिये पीछे अंकित निर्देशों का अध्ययन करें)

Photo

1. विधार्थी का नाम ..........................................................................
2. पिता का नाम ..........................................................................
3. परीक्षा का नाम ..........................................................................
4. अनुकमांक .............................. नामांकन संख्या ..............................
5. महाविधालय का नाम ..........................................................................
6. वर्ष एवं सत्र ..........................................................................
7. परीक्षा परिणाम उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण ..........................................................................
8. परिणाम घोषणा की तिथि ..........................................................................
9. अपेक्षित उत्तरपुस्तिका का विवरण

| प्रश्न पत्र | प्राप्तांक |
|---|---|
| .................................................. | .............................................. |
| .................................................. | .............................................. |

10. क्या पुनर्मूल्यांकन/पुर्नगणना के लिये आवेदन किया है हॉ/ना ......................................
    यदि हॉ तो विषयों के नाम 1. ........................................ 2. ........................................ 3. ........................................
11. विधार्थी के हस्तेलख का नमूना :– ..........................................................................
    ..........................................................................
12. (i)प्रार्थना पत्र शुल्क 10/– (ii) प्रतिलिपि शुल्क
13. बैक ड्राफ्ट संख्या/चालान संख्या .................................... दिनांक ..................................................
    राशि ...................................... बैंक का नाम ..........................................................................
    (नकद/चैक/मनीआर्डर/पोस्टल आर्डर स्वीकार्य नहीं होगें।)
    (डिमाण्ड ड्राफ्ट कुलसचिव, जगदगुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविधालय के नाम देय होना चाहिए)
14. पता जहॉ उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति भेजी जानी है ..........................................................................
    (यह पता परीक्षा फार्म में अंकित पते के समान होना चाहिए।)
    नोटः–अपवादकजनक परिस्थिति में अगर कोई परीक्षार्थी परीक्षा फार्म में अंकित पते में भिन्न पते पर प्रमाणित प्रति मांगना चाहता है तो इसके उचित कारण दस रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटेरी से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करावें।
15. टेलीफोन नम्बर .................................................... मोबाईल नम्बर ..................................

मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर लिखित विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही है। मैं विश्वविधालय के इस संबंध में निर्मित नियम एवं उप–नियमों से बाध्य हूँ।

दिनांक ..........................

विधार्थी के हस्ताक्षर

### कार्यालय प्रयोग के लिये
(उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने के बाद भरा जायें)

प्रकरण संख्या ..................................

विधार्थी के परिणाम घोषणा की तिथि ..............................................

प्रार्थना पत्र प्राप्ति दिनांक ......................................

मैनें उत्तरपुस्तिका की प्रमाणित प्रति प्राप्त की